अरविन्द पाण्डेय
मंत्री
विद्यालयी शिक्षा, प्रौढ शिक्षा,
संस्कृत शिक्षा, खेल युवा कल्याण
एवं पंचायती राज

उत्तराखण्ड शासन

विधान भवन
देहरादून–248001
दूरभाष : 0135–2665080
फैक्स : 0135–2665121 (का

सेवा में,
माननीय विधायकगण,
समस्त विधानसभा क्षेत्र
उत्तराखण्ड।

मान्यवर,

आप विज्ञ है कि गुणवत्तापरक शिक्षा प्राप्त करना सभी बच्चों का अधिकार है। विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित किये जाने हेतु वर्ष 2018–19 से राज्य स्तर पर विद्यालयों में एन0सी0ई0आर0टी0 की पाठ्य पुस्तकें लागू की जा रही है। अध्यापकों द्वारा पठन–पाठन में अधिक समय दिया जा सके इसके लिये चार जनपदों में प्रथम चरण में मध्याह्न भोजन योजना को अक्षय पात्र योजना के माध्यम से संचालित किये जाने का निर्णय लिया गया है। विद्यालयों में छात्र–छात्राओं के शिक्षण अधिगम में सुधार हेतु सर्व शिक्षा अभियान एवं राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियाँ संचालित किये जाने के बाद भी राजकीय विद्यालयों में लगातार छात्र संख्या में कमी आ रही है, जो कि चिंता का विषय है। शिक्षा की गुणवत्ता के साथ साथ विद्यालयी पहुँच आसान बनाए जाने के बाद भी विद्यालयों में शत्–प्रतिशत नामांकन भी एक चुनौती रही है।

शिक्षा विभाग का लगातार प्रयास रहा है कि सभी बच्चों (विशेषत: कमजोर वर्ग, अपवंचित वर्ग, अनाथ, भिक्षु एवं साधन विहिन) को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ा जा सके। इसी प्रयास के क्रम में प्रत्येक वर्ष शत्–प्रतिशत बच्चों को विद्यालयी शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने हेतु राज्य के सभी राजकीय विद्यालयों में 6 अप्रैल को प्रवेशोत्सव के माध्यम से जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन जनप्रतिनिधियों , अन्य विभागों के अधिकारियों एवं जन सामान्य की इस कार्यक्रम में समुचित भागीदारी न होने के कारण इसमें अपेक्षित सफलता नहीं मिल पा रही है। इस वर्ष भी यह कार्यक्रम 6 अप्रैल 2018 को आयोजित किया जा रहा है। आप से अनुरोध है कि अपने–अपने विधानसभा क्षेत्रों मे ऐसे विद्यालयों में स्वयं प्रतिभाग करें जहाँ अभी भी शिक्षा के प्रति जनजागरूकता अभियान चलाए जाने की आवश्यकता है तथा इसी प्रकार के अन्य विद्यालयों में इस कार्यक्रम में अपने क्षेत्र के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को प्रतिभाग करायें। इस अवसर पर विद्यालयों में आपकी उपस्थिति, अभिभावकों एवं जनसामान्य को अभिप्रेरित करने में अत्याधिक महत्वपूर्ण होगी ऐसा मेरा विश्वास है। आशा करता हूँ कि इस पुनीत कार्य में आपका सहयोग बच्चों के शत्–प्रतिशत नामांकन में सहायक सिद्ध होगा।

भवदीय

(अरविन्द पाण्डेय)
मंत्री, विद्यालयी शिक्षा
उत्तराखण्ड सरकार।